कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09/10/2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत दो दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन दिनांक 07 एवं 08 अक्टूबर 2024 को किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में पशु संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाना होता है।

अतिथि व्याख्यान के अंतर्गत श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई की प्राणीशास्त्र, विभागाध्यक्ष, डॉ. सोनिया बजाज के द्वारा प्रतिरक्षा प्रणाली के बारे में बताया गया जो सभी प्राणियों के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमारे शरीर की कोशिकाओं, उतक एवं अंगों को विभिन्न प्रकार की सुरक्षा प्रणालियों के माध्यम से संक्रमणों से बचाकर शरीर की रक्षा प्रणाली के रूप में कार्य करती है। प्रतिरक्षा प्रणाली हानिकारक सूक्ष्म जीवों और अन्य रोगों को पैदा करने वाले रोगाणुओं सहित विदेशी प्रतिजनों को पहचान कर उन्हें नष्ट करने का कार्य करती है।

छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता से व्याख्यान को सुना और कई प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से अपनी व्याख्यान के प्रति रूचि प्रकट की।

कार्यक्रम का संचालन कु. त्रृष्टि जलतारे एवं आभार प्रदर्शन कु. पल्लवी साहू ने किया।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह